प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार हर वर्ग के हित में काम कर रही है जिसके परिणामस्वरूप नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी ने 25 शहरी निकायों में जीत दर्ज की है। उन्होंने भाजपा पर लोगों के हितों को अनदेखा करने का आरोप भी लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा केंद्र सरकार से प्रदेश के आपदा प्रभावितों को एक बीघा जमीन भी नहीं दिलवा पाई।

मंत्रिमंडल

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पंचायत और शहरी निकाय चुनावों के बीच आज राज्य मंत्रिमंडल की अहम बैठक बुलाई है। राज्य सचिवालय में आयोजित होने वाली इस बैठक में आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण चुनाव आयोग की पूर्व सहमति से ही जनहित और प्रशासनिक मामलों से जुड़े बड़े फैसले लिए जाएंगे। बैठक में आम जनता से जुड़े और प्रशासनिक दृष्टि से जरूरी मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

मतदान

शिमला जिला में रोहड़ू नगर परिषद के लिए आज मतदान हो रहा है। कुल 9 वार्डों के लिए मतदान आज सुबह 7 बजे से शुरू हुआ जो दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगा। सुबह 9 बजे तक 21 दशमलव 7 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। मतदान के तुरंत बाद आज ही मतगणना होगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता

डिस्पेच

विशेष बात ये है की नगर परिषद रोहड़ू के सभी मतदान केंद्रों का संचालन इस बार पूर्ण रूप से महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा जो प्रदेश व देश स्तर पर एक अनूठी व प्रेरणादायी पहल है। इसके लिए सभी वार्डों में चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए 14 पोलिंग पार्टियों का गठन किया गया है जिनमें 80 महिला कर्मचारी शामिल हैं। ये महिला कर्मचारी केवल मतदान प्रक्रिया तक ही सीमित नहीं रहेंगी बल्कि मतगणना की जिम्मेदारी भी निभाएंगी।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर नगर निकाय और पंचायती राज चुनावों को हाईजैक करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनावों में भाजपा को मिली भारी सफलता से कांग्रेस पूरी तरह बौखला गई है और अब चुनावों के नियमों में बदलाव कर जनादेश को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार को चुने हुए जन प्रतिनिधियों पर दबाव डालकर अपने पक्ष में मतदान करवाने का आरोप भी लगाया।

उच्च न्यायालय

प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्डों व निगमों में बड़े पैमाने पर आउटसोर्स भर्तियों को लेकर सख्त रूख अपनाया है। अदालत ने कहा कि खाली पदों को नियमित रूप से भरने के बजाय बैक डोर एंट्री के जरिए नियुक्तियां की जा रही हैं जो युवाओं के वैधानिक अधिकारों का हनन और उनका शोषण है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य सचिव और प्रधान वित्त सचिव को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 जून को होगी।

पर्यटन सीजन

पर्यटन सीजन के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एलायंस एयर ने शिमला–दिल्ली रूट पर सप्ताह के सातों दिन विमान सेवा संचालित करने का निर्णय लिया है। कंपनी की ओर से जारी नए शेड्यूल में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण शिमला एयरपोर्ट प्रबंधन को इसकी जानकारी दी गई है। अभी तक मंगलवार को इस रूट पर उड़ान सेवा उपलब्ध नहीं थी। नए

शेड्यूल के अनुसार, शिमला–धर्मशाला रूट पर भी अब हफ्ते में छह दिन यानी सोमवार से शनिवार तक रोजाना फ्लाइट संचालित होगी। पहले इस रूट पर रविवार और मंगलवार को उड़ान सेवा बंद रहती थी। वीकेंड पर बड़ी संख्या में सैलानी शिमला पहुंचते हैं। ऐसे में रविवार को भी दिल्ली–शिमला–दिल्ली रूट पर विमान सेवा संचालित होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित चंबा, कांगड़ा, कुल्लू व लाहौल स्पीति में हल्की बूंदाबांदी होने से तापमान में हल्की गिरावट आई है। मौसम के इस बदले मिजाज से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार आज से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते कई भागों में बारिश व अंधड़ की संभावना है। विभाग ने किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य जिलों में आज और कल आंधी, बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।